उत्कर्ष के वार्षिक समारोह में कर्मचारियों का सम्मान

उत्कर्ष के शास्त्री नगर स्थित उत्कर्ष कॉम्प्लेक्स में रिवॉर्ड एंड रिकॉग्निशन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जोधपुर, (कासं)। उत्कर्ष के शास्त्री नगर स्थित उत्कर्ष कॉम्प्लेक्स में गत सोमवार को रिवॉर्ड एंड रिकॉग्निशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। देर शाम तक चले आरएनआर प्रोग्राम के तहत उत्कर्ष क्लासेस में कार्यरत विभागाध्यक्षों, प्रबंधकों, टीम लीडर्स एवं विभागीय कर्मचारियों को विभिन्न मापदंडों के आधार पर मीमेंटों व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक व निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत सहित संस्था के प्रमुख प्रबंधक तरुण गहलोत, प्रमुख सलाहकार प्रो. ए. के. मलिक, सीओओ सुभाष भौमिक, सीबीओ अर्पित पारीक, सिटीओ सौरभ जैन, एकेडमिक हेड अक्षय गौड तथा करेंट अफेयर्स विशेषज्ञ कुमार गौरव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन मनीष सोनी एवं प्रेरणा गहलोत ने किया।

कार्यक्रम में जोधपुर इस्कॉन समूह ने अपनी विशेष प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

अशोक गोयल प्रभु तथा संकल्प प्रभु के नेतृत्व में इस्कॉन समूह द्वारा किए गए हरे रामा हरे कृष्णा कीर्तन पर उपस्थित सभी कर्मचारीगण शामिल हुए। इसी दौरान उत्कर्ष के संस्थापक द्वारा जोधपुर इस्कॉन मंदिर समूह को विकास हेतु 11 लाख की राशि भेंट करने की घोषणा की गई।

इसी कडी में संस्था के कर्मचारियों द्वारा भी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. गहलोत ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई दी तथा जोधपुर के अलावा कार्यक्रम से वर्चुअली जुडे जयपुर, दिल्ली, प्रयागराज, लखनऊ तथा इंदौर सेंटर्स के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

राजस्थान बास्केटबॉल में फाइनल में

जैसलमेर, (नि.सं.)। भारतीय बास्केटबॉल महासंघ एवं मध्यप्रदेश राज्य बास्केटबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में 74 वी जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 8 से 14 मई 2024 तक इंदौर मध्यप्रदेश में किया गया।

जिला खेल अधिकारी एवं राजस्थान टीम के मुख्य प्रशिक्षक राकेश बिश्नोई ने बताया कि जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में राजस्थान बालक वर्ग की टीम ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश एव उड़ीसा को पराजित किया एवं क्वाटर फाइनल में पंजाब को 91-69 के अंतर से पराजित किया व सेमिफाइनल में गत वर्ष विजेता उत्तरप्रदेश को 84-59 से एक तरफा हराकर फाइनल में प्रवेश किया एवं मुकाबला चंडीगढ़ के साथ होगा।

गत वर्ष उड़ीसा में अयोजित जुनियर नेशनल में राजस्थान टीम ने रजत पदक प्राप्त किया था, उसमें भी राजस्थान टीम के मुख्य प्रशिक्षक राकेश बिश्नोई थे। राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्वजैसलमेर अकादमी के अजय कुमार कर रहे हैं।

स्वास्थ्य जांच शिविर के बैनर का विमोचन

श्री पीपा क्षत्रिय गोयल भाईपा समिति जोधपुर के तत्वावधान में बैनर का विमोचन किया।

जोधपुर, (कासं)। श्री पीपा क्षत्रिय गोयल भाईपा समिति जोधपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के बैनर का विमोचन मंगलवार शाम को किया गया।

गोयल भाईपा के अध्यक्ष मनोहर लाल गोयल तथा सचिव इन्द्र मल गोयल ने बताया कि यह शिविर 19मई को रातानाडा स्थिति समाज के भवन में आयोजित किया जाएगा। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टर रविंद्र परमार (सीनियर फिजिशियन मथुरादास माथुर चिकित्सालय) ,डॉक्टर मनीष गोयल (फिजिशियन एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ, महात्मा गांधी चिकित्सालय), डॉक्टर नितेश चौहान (गैस्ट्रो एंटरोलॉजी) मथुरादास माथुर चिकित्सालय तथा डॉक्टर कमलेश गोयल (हृदय रोग विशेषज्ञ, श्री कृष्णा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जोधपुर) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में ब्लड ठ्रुप की जांच, इ. सी. जी. एवं शुगर लेवल जांच इत्यादि की सुविधा भी निशुल्क प्रदान की जाएगी

इस कार्यक्रम के बैनर का विमोचन सुभाष चौक रातानाडा स्थित न्याति भवन में किया गया। इस अवसर पर श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा, कमल गोयल, डा.विजयलक्ष्मी गोयल, शंकरलाल गोयल, दिनेश गोयल, मुरलीधर गोयल, नरपत गोयल, गोपाल सिंह गोयल सहित अनेक समाजबन्धु उपस्थित थे।

बेटियों ने पिता की अर्थी को दिया कंधा



पाली में रश्मि, ममता गुप्ता, पिंकी, रीना ने अंतिम यात्रा के दौरान पिता की अर्थी को कंधा दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। एक पिता की मौत पर सामाजिक बदलाव की एक बार फिर तस्वीर दिखाई दी। यहां पर पिता की मौत पर बेटियों ने उनकी अर्थी को कंधा देकर अंतिम संस्कार की सारी रस्म भी अपने हाथों से निभाई।

पाली शहर के मिलगेट के निकट रहने वाले मनमोहन गुप्ता आईटीआई में प्रिंसिपल के पद पर थे जो रिटायर्ड हो चुके थे। जिनका पिछले 12 वर्षों से पैरालाइज होने के कारण बेड रेस्ट पर थे। और बीमार चल रहे थे सोमवार रात्री उनकी मृत्यु हो गई थी। आज उनकी अंतिम यात्रा में उनकी बेटियों रश्मि, ममता गुप्ता, पिंकी ,रीना ने अंतिम यात्रा के दौरान पिता की अर्थी को कंधा दिया।

इसके बाद में बेटियों ने ही पिता के अंतिम संस्कार की रस्म निभाकर उन्हें मुखाग्नि दी।

बेटी ममता गुप्ता एक आर्किटेक्ट है और पाली शहर में विभिन्न सामाजिक संगठन अग्रवाल समाज महिला मंडल में सचिव, रेडक्रॉस से जुड़ कर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर समाज सेविका के रूप में कार्य करती है। पिछले 12 वर्षों से बीमारी की हालत में अपने पिता की सेवा भी करती आ रही है। दिवंगत मनमोहन गुप्ता के केवल चार बेटियां ही है। दिवंगत मनमोहन गुप्ता अपनी मिलनसारिता और मधुर व्यवहार से सबके दिलों में जगह बनाए हुए थे। अंतिम यात्रा में शहर के समाजसेवी लोग सहित प्रतिष्ठित व्यक्तिय मौजूद रहे।

जालोर जिले में हीट वेव का असर

जालोर, (कासं)। मौसम विभाग ने 15 से 18 मई तक जालोर जिले में हीट वेव की चेतावनी जारी की है।

आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु में लू-ताप गर्मी, तापमान बढ़ने, ताप की लहर, हीट वेव एवं अन्य विपरीत जलवायु परिवर्तन से आमजन के बचाव एवं राहत के लिए ''क्या करें व क्या ना करें'' के संबंध में पूर्व में एडवाईजरी जारी की जा चुकी हैं। वही सिर का भारीपन, सिरदर्द, अधिक प्यास लगना व शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान 105 से अधिक हो जाना आदि।

तेज धूप में निकलना आवश्यक हो तो ताजा भोजन कर उचित मात्रा में ठंडे जल का सेवन कर बाहर निकले, थोडे थौडे अन्तराल में ठंडे जल, छाछ व ताजा फलों के रस का सेवन करें, तेज धूप में बाहर निकलने पर छाते का उपयोग करें अथवा कपडे से सिर व बदन को ढक कर रखें। वही लू से प्रभावित व्यक्ति के शरीर के तापमान को कम करने के लिए पीड़ित के सिर पर गीले कपड़े का उपयोग करें या पानी डाले, व्यक्ति को ओआरएस या नींबू, शरबत या जो कुछ भी शरीर को पुनः सक्रिय करने के लिए उपयोगी हो वह पीने के लिए दें, व्यक्ति को तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाये, यदि लगातार उच्च तापमान बना रहता है और सिरदर्द, चक्कर आना, कमजोरी, मतली या भटकाव आदि के लक्षण स्पष्ट महसूस हो तो ऐसी स्थिति में जारी संबंधित नंबर को कॉल करें।

'योगा एट 100 प्लेसेस' कार्यक्रम जारी

एच.एच. महाराजा हनवन्तसिंहजी जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर योगा एट 100 प्लेसेस कार्यक्रम में 10 विद्यालयों और संस्थानों ने सहभागिता निभाई।

जोधपुर, (कासं)। एच.एच. महाराजा हनवन्तसिंह जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में महरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट, योग एलायंस सोसायटी जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'योगा एट 100 प्लेसेस'' कार्यक्रम के आयोजन की शृंखला में पिछले दिनों में जोधपुर के दस विद्यालयों और संस्थानों ने सहभागिता निभाई और दो हजार से अधिक बच्चों और नागरिकों योग के अभ्यास किये।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रबन्धक (संस्कृति) घर्माशु बोहरा ने बताया कि योग के प्रचार प्रसार व स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से योग एलायंस सोसायटी जोधपुर ने महाराजा हनवन्तसिंह के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के साथ मिलकर ''योगा एट 100 प्लेसेस'' कार्यक्रम के तहत जोधपुर में 100 स्थानों पर योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कार्यक्रम करवाये जा रहे हैं।

इसी की शृंखला में पिछले दिनों में सैण्ट्रल अकादमी चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, लक्की इण्टरनेशनल स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर, महेश शिक्षण संस्थान, महालक्ष्मी शिक्षण संस्थान, सेण्ट फ्रांसिस, जी.के. इण्टरनेशनल, नारायणा ई-टेक्नो, ओरचिड इण्टरनेशनल स्कूल और चैपासनी शिक्षा संस्थान ने अपनी सहभागिता निभाई और इस दौरान 2000 से अधिक बच्चों और नागरिकों को योग के मानक नियमों के साथ योगाभ्यास करवाया गया और योग के विभिन्न फायदों से अवगत करवाया गया।

योगाभ्यास के आयोजन जोधपुर के विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, सैनिक व अर्द्धसैनिक बलों, रेलवे कर्मचारियों, चिकित्सकों व आमजन के साथ निरन्तर किये जा रहे हैं। इस आयोजन का समापन 16 जून को उम्मेद भवन पैलेस में होगा।

कार्यक्रम को लेकर इन सभी आयोजनों में योगा एलायन्स की टीम के साथ ही विद्यालयों और संस्थानों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

ज्योत्स्ना को बारहवीं में 98.2 प्रतिशत अंक

ज्योत्स्ना शिवनानी

जोधपुर, (का.सं.)। मयूर चौपासनी स्कूल की छात्रा ज्योत्स्ना शिवनानी को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित बारहवीं कक्षा की परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

ज्योत्स्ना ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं और माता-पिता व बहिन कामायनी को दिया है। ज्योत्स्ना की माता सुनीता एक प्राईवेट स्कूल में टीचर और पिता विकास शिवनानी फार्मास्युटिकल कंपनी में ज़ोनल मैनेजर हैं। दसवीं में 96.2 तथा ग्यारहवीं में 97 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली ज्योत्स्ना स्कूल के अलावा घर पर भी रोज़ाना पांच-छह घण्टे अध्ययन करती थी।

शैक्षिणक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहने वाली ज्योत्स्ना शिवननी अब इकोनॉमिक्स विषय लेकर भविष्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाने की इच्छुक है।

वार्षिक उत्सव मनाया

रेवदर, (निसं)। रेवदर श्री चामुंडा माता मंदिर सोनेला के दूसरे वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ।

रात्रि म तीसरी वर्षगांठ के लिए भजन संध्या में चढावे बोले गए और आज मंदिर शिखर पर ध्वजा चढाकर दूसरी वर्षगांठ पूरे गांव ने मनाई और महाप्रसादी की। हंसाराम माली, नरसा राम माली , शंकर राणा , मफाराम परमार, रणछोड राम माली , हसमुख रावल, छोगाराम राणा, ओटाराम, भंवर लाल, उत्तम कुमार, जेसाराम , महेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, दीपाराम, रंजीत कुमार, मदन माली, वसनाराम, तेजाराम राणा, गोवाराम राणा, दीपक माली आदि मौजूद रहे।

भारी मात्रा में ड्रग सहित दो पकड़े

सांचौर , (नि.सं.)। लियादरा मे सांचौर पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए दो करोड़ 65 लाख रूपये की एमडी बरामद कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

सांचौर पुलिस अधीक्षक की मुखबीर सूचना के आधार पर यह कार्यवाही झाब पुलिस थाने के लियादरा गांव के रहवासी घर पर दबिश देने के बाद की गई। सांचौर पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि लियादरा सरहद में सदाराम बिश्नोई की रहवासी ढाणी में दबिश दी, जिसके कब्जे से दो किलो सात सौ ग्राम एमडी बरामद की गई, छह सौ पिचहतर ग्राम एमडी मिक्स पदार्थ बरामद किया गया है, वहीं मौके से डेढ लाख रूपये नगद बरामद किये गये । वहीं उक्त मामले में आरोपी बुद्धाराम पुत्र सदराम बिश्नोई , भंवरलाल पुत्र सदराम बिश्नोई को गिरफ्तार किया है । पुलिस अब इस बड़े नेटवर्क से जुड़े मामले की जांच में जुट गई है, कि ड्रग्स के बड़े रैकेट का नेटवर्क कहां से जुड़ा हुआ है, जिसको लेकर पुलिस अब पूरे मामले को लेकर बड़ा खुलासा करने की तैयारी में जुटी है। पुलिस द्वारा एमडी स्मैक के बड़े रैकेट में पकड़े गये मुख्य आरोपी सदराम बिश्नोई के खिलाफ अलग- अलग पुलिस थानो में एमडी व स्मैक के तीन प्रकरण दर्ज है, वहीं उक्त मामले में है, एमडी स्मैक के इस अवैध कारोबार में पिता व तीन पुत्र भी शामिल हो गये, जिसमें गिरफ्तार बुधाराम, भंवरलाल के अतिरिक्त मनोहरलाल बिश्नोई भी शामिल है जो फिल्हाल फरार बताया जा रहा है।

मतगणना की समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश

पाली में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलैक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में मतगणना संबंधी तैयारियो की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलैक्टर एलन मंत्री ने 4 जून 2024 को बांगड़ कॉलेज में होने वाली मतगणना के संबंध मे विभिन्न प्रकोष्ठों के अधिकारियों के साथ बैठक में इसकी तैयारी के संबंध में जिसमे उन्होंने मतगणना संबंधी प्रशिक्षण,ईवीएम, राउंड बर मतगणना, टेबल , मतगणना में विभिन्न व्यक्तियों के प्रवेश आवागमन, वहां पानी, बिजली ,संचार, सूचना संप्रेषण, विभिन्न स्थानों पर साइनेज, सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना के लिए आवश्यक उपकरणों शौचालय गर्मी के मौसम को देखते हुए विभिन्न व्यवस्थाएं ऑब्जर्वर कक्ष के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं व अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें दिशा निर्देश दिए।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ,डॉ राजेश गोयल व अतिरिक्त जिला कलेक्टर, सीलिंग, भवानी सिंह ने भी इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नंदकिशोर राजोरा, डीआईजी स्टांप, भागीरथ ,यूआईटी सचिव , नगर परिषद आयुक्त आशुतोष आचार्य सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

लक्ष्मी शिवनारायण सांवल विद्यालय में गुरू वंदन छात्र अभिनंदन हुआ

लक्ष्मी शिवनारायण सांवल उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जैसलमेर, (नि.सं.)। लक्ष्मी शिवनारायण सांवल उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में विद्यार्थियों के मन में अध्यापकों एवं अभिभावकों के प्रति आदर का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद् द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम शाला प्रधानाध्यापिका गीता पंवार तथा परिषद् परिवार के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर शिक्षा की देवी सरस्वती माता तथा भारत माता का वंदन किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का भारतीय संस्कृति के अनुसार तिलक लगाकर उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी एवं शाखा अध्यक्ष ऋषि तेजवानी की ओर से गुरु शिष्य परम्परा के महत्व को प्रतिपादित किया गया। उन्होंने बताया कि गुरू सदैव वंदनीय व पूजनीय होता है क्योंकि वह बालक के सर्वांगीण विकास के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्यौछावर कर देता है।

शाला प्रधान गीता पंवार ने बताया कि मंचासीन महानुभावों द्वारा विद्यालय के दस विद्यार्थियों नीरज, भावेक व पूजा को कक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने, गौतम को वंदना, अक्षिता को सुलेख लेखन, वंशिका को स्वच्छता, टिवक्ल को चित्रकला, हितप्रिया को श्रुति लेखन, महिमा को अनुशासन तथा ट्विंकल छंगाणी को खेलकूद जैसी शैक्षिक व सह शैक्षिणक गतिविधियों के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर अभिनंदित किया गया। इस अवसर प्रकल्प प्रभारी मनोजकुमार व्यास द्वारा सभी को बड़ों का सम्मान, राष्ट्रीय संस्कृति, रीति रिवाजों, नैतिक मूल्यों के संरक्षण तथा धुम्रपान व नशा ना करने की शपथ दिलाई गई।

प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी भारत को जानो प्रतियोगिता मुकेश हर्ष ने बताया कि ग्रीनको एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड के सहयोग से विद्यालय के सभी शिक्षकों चन्द्रभान खत्री, गीता पवार, जयवंति जोशी, नरेन्द्रसिंह, अमृतसिह, कमलराज तथा सेवा कर्मी ममता का विद्यार्थियों द्वारा उपरणा पहनाकर व कलम भेंट कर गुरु वंदन किया गया।

इस अवसर पर परिषद् द्वारा विद्यालय परिवार को स्मृति चिह्न के रूप में स्वामी विवेकानंद का कट आउट भेंट किया गया।

शाला व्यवस्थापक हीरालाल साधवानी ने अपने उद्बोधन मे वर्तमान कालखण्ड मे गुरुवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम की नितांत आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षक व्यक्ति निर्माण से राष्ट्रिनर्माण का महान दायित्व निभाता है। कार्यक्रम के अंत में शाला प्रधान द्वारा परिषद् का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अग्निवीर जितेंद्र सिंह तंवर को श्रद्धांजलि दी

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हाईफा हीरो सर्कल चौराहे पर जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में तीन पैरा एसएफ के पैराट्रूपर अग्निवीर जितेंद्र सिंह तंवर की शहादत पर रावणा राजपूत समाज की ओर से कैंडल लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

रावणा राजपूत समाज के जिला मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में कैंडल लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि की गई। इस मौके पर समाज के संरक्षक मूल सिंह भाटी, महिला जिलाध्यक्ष सिंधु कंवर एवं सुशीला कंवर,मांगू सिंह टाईगर, केसर सिंह मांगलिया ,लाल सिंह पंवार, रतन सिंह झाला, किशोर सिंह सोलंकी,ओम सिंह सोढा, गजेंद्र सिंह सोलंकी भैरू सिंह राठौड़, विजय सिंह निर्वाण, सुमेर सिंह चावडा, शैतान सिंह राठौड़, लक्ष्मण सिंह सोलंकी, इंद्र सिंह राठौड, सोहन सिंह हलवाई, प्रताप सिंह चौहान कालू सिंह तंवर, राजू सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह परिहार सूरज सिंह नाहर भवानी सिंह भाटी सुमेर सिंह चावड़ा शैतान सिंह राठौड़ लक्ष्मण सिंह सोलंकी दलपत सिंह पार्टी इंदर सिंह राठौड़ भवानी सिंह भाटी, जितेन्द्र सिंह,सोहन सिंह प्रताप सिंह चौहान, कालू सिंह तंवर, बाबू सिंह गहलोत, केसर सिंह झाला, नारायण सिंह सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारंभ

जैसलमेर, (नि.सं.)। केंद्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल, जैसलमेर के प्राचार्य विशन सिंह राठौड़ ने बताया कि विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं की तीनों संकायों - विज्ञान, वाणिज्य व कला संकाय के लिए कुछ स्थान रिक्त है । इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश हेतु विद्यालय कार्यालय से या विद्यालय की वेबसाइट से रजिस्ट्रेशन फॉर्म डाउनलोड कर विद्यालय में दिनांक 22 मई 2024 तक जमा करवा सकते हैं ।

शैक्षिक भ्रमण किया

धोरीमना, (निसं)। विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक धोरीमना विद्यार्थियों का मंगलवार को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

शैक्षिक भ्रमण संयोजक गणपतराम विश्नोई ने बताया कि छात्रों के सत्रांत के अंतिम कार्य दिवस से एक दिन पूर्व अमृता देवी वन्य जीव संरक्षण संस्थान, कतरला में माध्यमिक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों का भ्रमण कार्यक्रम रखा गया। वन्य जीवों के प्रति लोगों में दयालुता की भावना के जागरण के उद्देश्य से किए गए। इस मिनी अभयारण्य भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कतरला वन्य जीव संरक्षण संस्थान में हिरण, कछुआ, मोर, सफेद कबूतर आदि वन्य जीवों को छात्र-छात्राओं ने दाना डालकर वन्य जीवों के प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त किया।